राजस्थान राज्य पथ परिवहन निगम, मुख्यालय,
वित्त (नियम) विभाग (0141–2374671)

क्रमांक :–एफ4(13)/मु./वित्त/नियम/173/2026/ दिनांकः–

# कार्यालय आदेश

यह जानकारी में आया है कि निगम की विभिन्न इकाईयों द्वारा जारी की जाने वाली निविदाओं/अनुबन्धों के अन्तर्गत विभिन्न फर्म/व्यक्तियों द्वारा निगम में बोली प्रतिभूति/कार्य सम्पादन प्रतिभूति जमा करवाई जाती है।

निविदा की कार्यवाही/समयावधि पूर्ण होने के उपरान्त सम्बन्धित निविदा दाताओं को नियमानुसार बोली प्रतिभूति/कार्य सम्पादन प्रतिभूति की प्रतिदाय (refund) योग्य राशि को लौटाने हेतु समय पर भुगतान स्वीकृति आदेश जारी नहीं किये जाते हैं, जिससे सम्बन्धित फर्म/व्यक्तियों द्वारा मुख्यालय में बार–बार प्रार्थना–पत्र प्रस्तुत कर राशि रिफण्ड हेतु निवेदन किये जाते हैं जिससे निगम समय का अपव्यय एवं निगम छवि पर विपरीत प्रभाव पड़ रहा है।

अतः सभी सम्बन्धितों को निर्देशित किया जाता है कि किसी भी फर्म/व्यक्ति की नियमानुसार लौटाने योग्य राशि (जो टेण्डर में वर्णित शर्तों/RTPP की शर्तों के कारण रोकी गई हो, न्यायालय प्रकरणों के कारण, के अतिरिक्त) को निविदा की कार्यवाही/समयावधि पूर्ण होने के तीन कार्य दिवस के अन्तर्गत भुगतान स्वीकृति ज़ारी करते हुये, अविलम्ब सम्बन्धित को राशि हस्तान्तरित किया जाना सुनिश्चित करें। इसमें किसी प्रकार की कोताही/लापरवाही बरती जाने पर सम्बन्धित के विरूद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही की जाएगी।

साथ ही भविष्य में उक्तानुसार पालना किया जाना सुनिश्चित करें।

यह सक्षम स्तर से अनुमोदित है।

(ललित वर्मा)
वित्तीय सलाहकार

I.T. 673
27/5/26

क्रमांक :–एफ4(13)/मु./वित्त/नियम/173/2026/2556 दिनांकः–26/05/26

प्रतिलिपिः– निम्न को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित हैः–

1. निजी सचिव, अध्यक्ष/प्रबन्ध निदेशक, रा.रा.प.प.निगम, मु0, जयपुर।
2. कार्यकारी निदेशक ( ) रा.रा.प.प.निगम, मु0, जयपुर।
3. महा प्रबन्धक/संयुक्त महा प्रबन्धक ( ) रा.रा.प.प.निगम, मु0, जयपुर।
4. उप महाप्रबन्धक/कार्यकारी प्रबन्धक( ) रा.रा.प.प.निगम, मु0, जयपुर।
5. उप महाप्रबन्धक (आई.टी) निगम के वित्त विभाग की वेबसाईट पर अपलोड करावें।
6. निगम सचिव, रा.रा.प.प.निगम, मु0, जयपुर।
7. मुख्य उत्पादन प्रबन्धक/लेखाधिकारी के0का0..........................................।
8. मुख्य प्रबन्धक/प्रबन्धक (वित्त), रा.रा.प.प.निगम, ..........................................।
9. रक्षित पत्रावली।

वित्तीय सलाहकार

Signature valid
Digitally signed by L... Verma
Designation: Financial Advisor
Date: 2026.0_.25 _:29:12 IST
Reason: Appro...

RajKaj Ref No.:
22419544
M e-Sign